आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.12.2025 / संजय / 9:20बजे

मुख्य समाचार''

- सांसद सुरेश कश्यप ने जी राम जी विधेयक में बदलाव का किया स्वागत, कहा 20 वर्षों के बाद योजना बनेगी और अधिक पारदर्शी और प्रभावी।
- प्रदेश में चिटटे के खिलाफ मुहिम के तहत 26 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित होगा महा वाकॉथान।
- कुल्लू की तीर्थन घाटी में भीषण अग्निकांड से दो रिहायशी मकान और 5 गौशालाओं का नुक्सान।
- प्रदेश सरकार की विदेश रोजगार योजना के तहत मंडी जिला के 49 युवाओं का हुआ चयन।
- चंबा की चुराह विधानसभा सीट को अनारक्षित करने की उठी मांग।

सुरेश कश्यप

शिमला सांसद सुरेश कश्यप ने विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण जी–राम–जी विधेयक के माध्यम से योजना में किये गए बदलावों का स्वागत किया है। सुरेश कश्यप ने कहा कि मनरेगा में करीब 20 वर्षों के बाद ये सुधार हुआ है जिससे योजना को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जायेगा।

*विपक्ष बेवजह इसको मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहा है मनरेगा की बात है जो पहले नरेगा होता था उसको बाद में मनरेगा का नाम दिया गया कि सितंबर 2005 में इसकी शुरुआत हुई थी और अभी 20 साल पूरे होने के ऊपर इसमें जो व्यापक सुधारो की आवश्यकता थी उसको लेकर केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया में धन्यवाद करता हूं माननीय प्रधानमंत्री जी नरेंद्र मोदी जी का जिन्होंने कि मनरेगा में जो व्यापक स्तर के ऊपर भ्रष्टाचार हो रहा था जिस प्रकार से फर्जी जॉब कार्ड बनाए जा रहे थे समय के ऊपर पेमेंट नहीं हो रही थी और जिस प्रकार से प्रोडक्टिविटी स्कीम के माध्यम से होनी चाहिए थी वह नहीं हो रही थी उसी को लेकर इसमें व्यापक सुधार अभी किए गए हैं।*

वाकाथॉन

प्रदेश में चिटटे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत 26 दिसंबर को बिलासपुर में महा वाकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। वाकाथॉन के आयोजन की तैयारियों को लेकर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने एक बैठक की और सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिमला, धर्मशाला और हमीरपुर के बाद अब जिला बिलासपुर में यह चौथा बड़ा आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में व्यापक जन भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि महा वाकॉथॉन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाएंगे।

*एंटी चिट्टा वॉकाथॉन बिलासपुर में रखा गया है। यह चौथा आयोजन है। उम्मीद है इसमें 15000 से ज्यादा युवा बिलासपुर के भाग लेंगे इसका मकसद यही है कि बच्चों में जागरूकता आए और समाज के जो जिम्मेदार व्यक्ति हैं वह भी अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हो ताकि जो ड्रग पैडलर हैं उन्हें पकड़ा जा सके और सप्लाई चेन को तोड़ा जा सके।*

अग्निकांड

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी के गांव पेखड़ी में भीषण अग्निकांड से 2 रिहायशी मकान और 5 गौशालाएं जलकर राख हो गई। बीते कल हुई इस घटना में पानी की भारी कमी के बावजूद ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से आग को फैलने से रोकने की कोशिश की। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे तुरंत राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

राजीव सहजल

प्रदेश से जुड़े राष्ट्रीय राजमार्गों के मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने लोकसभा और राज्यसभा में बार–बार मजबूती से उठाया है जिस पर केंद्र सरकार ने प्रदेश में राजमार्गों के निर्माण व रखरखाव में कोई कमी नहीं रखी है। ये बात भाजपा नेता व पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल ने कही। उन्होंने बताया कि संसद में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बीते मानसून के दौरान हिमाचल प्रदेश में 50 हजार मीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त हुए जिसकी स्थायी बहाली के लिए केंद्र ने 513 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इसके अलावा केवल किरतपुर–मनाली कॉरिडोर पर ही लगभग 544 करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत अथवा प्रक्रियाधीन हैं।

रोजगार

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई विदेश रोजगार योजना के तहत चयनित युवाओं को सुरक्षित, पारदर्शी और सम्मानजनक तरीके से विदेशों में नौकरी के अवसर मिल रहे हैं। मंडी जिला में आयोजित साक्षात्कार के दौरान कुल 49 युवाओं का चयन किया गया है, जिन्हें आकर्षक वेतन के साथ आवास और अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी।

*मंडी जिला में युवाओं के लिए विदेश में रोजगार का सपना अब सरकार हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई विदेश रोजगार योजना को सुरक्षित पारदर्शी और सम्मान जनक तरीके से विदेश में नौकरी के अवसर मिल रहे हैं। इस योजना ने उन युवाओं के लिए नई उम्मीद जगाई है जो आर्थिक कारणों से अब तक विदेश में काम करने का सपना पूरा नहीं कर पा रहे थे पहले युवाओं को अपने खर्चे पर एजेंटों के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब सरकार खुद आगे आकर अवसर उपलब्ध करवा रही है। इस योजना को श्रम रोजगार एवं ओवरसीज प्लेसमेंट विभाग के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लागू किया जा रहा है। मंडी में आयोजित साक्षात्कार के तहत 49 युवाओं का चयन किया गया। यह योजना युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने वाली साबित हो रही है।*

विधानसभा सीट

चंबा जिला की चुराह विधानसभा सीट को अनारक्षित करने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमण्डल ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में चुराह सीट को अनारक्षित करने की मांग उठाई गई है। लोगों का कहना है कि चुराह विधानसभा सीट पिछले 70 वर्षो से एक ही वर्ग के लिए आरक्षित है जिससे अन्य वर्गों को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिल पा रहा है।

*सीट एक ही कास्ट के लिए रिजर्व होने से बाकी के जितने वर्ग के लोग हैं वह इससे वंचित रह जाते हैं इसलिए हमने मांग की है कि आरक्षण रोटेशन में हो और सभी वर्गों के लिए यह ओपन हो ताकि सभी अन्य वर्ग भी और जनरल कास्ट के भी लोग भी इसमें इलेक्शन लड़ सके। इसलिए हमने डीसी महोदय के माध्यम से ज्ञापन जो है माननीय राज्यपाल जी कुछ जाएगा।*

हिम एम एस एम ई

राजधानी शिमला को उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति का नया केंद्र बनाने के लिए प्रदेश उद्योग विभाग की ओर से हिम एमएसएमई फेस्ट–2026 का आयोजन किया जा रहा है। उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आर डी नजीम  ने बताया कि नए वर्ष में 3 जनवरी से शिमला में ये फेस्टिवल आयोजित होगा जिसमें हजारों छोटे कारोबारियों, कारीगरों, महिला उद्यमियों और स्टार्टअप युवाओं को निवेशकों और उद्योग जगत के दिग्गजों से मिलने का मौका मिलेगा और एक बड़ा व्यापारिक मंच प्राप्त होगा।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकतर अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। आईजीएमसी शिमला में डॉक्टर द्वारा मरीज से मारपीट मामले पर अमर उजाला लिखता है डॉक्टर ने बैड पर लेटे मरीज को बेरहमी से पीटा, केस दर्ज, सस्पेंड करने के बाद सरकार ने बैठाई जांच।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है सभी पंचायतों में 500 किलोवाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं होगी स्थापित।

दिव्य हिमाचल के शब्द हैं पहली से सरकारी स्कूलों में मोबाइल, स्मार्ट वाच और हैडफोन पूरी तरह बैन।

राज्य में पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया दोबारा से शुरू हिमाचल दस्तक की एक खबर है।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है ऊंची चोटियों पर दो दिन हुई बारिश और बर्फबारी अब 26 तक साफ रहेगा मौसम।

पंचायत चुनाव की जनहित याचिका पर सुनवाई 30 दिसंबर तक टली दैनिक जागरण की एक खबर है।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- सांसद सुरेश कश्यप ने जी राम जी विधेयक में बदलाव का किया स्वागत, कहा 20 वर्षों के बाद योजना बनेगी और अधिक पारदर्शी और प्रभावी।
- प्रदेश में चिटटे के खिलाफ मुहिम के तहत 26 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित होगा महा वाकॉथान।
- कुल्लू की तीर्थन घाटी में भीषण अग्निकांड से दो रिहायशी मकान और 5 गौशालाओं का नुक्सान।
- प्रदेश सरकार की विदेश रोजगार योजना के तहत मंडी जिला के 49 युवाओं का हुआ चयन।
- चंबा की चुराह विधानसभा सीट को अनारक्षित करने की उठी मांग।